Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged irregularities in Pradhan Mantri Awaas Yojana at Kaman in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे सदन में बोलने के लिए मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर के विधान सभा क्षेत्र कामां में प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए फर्जीवाड़े की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । वहां प्रधानमंत्री आवास योजना में बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया है, जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता श्री विजय बेसरा ने की थी । जिसके उपरान्त इस प्रकरण की जांच जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित यादव, आईएएस द्वारा की गई, जिसमें कामां विधान सभा क्षेत्र में, इस योजना की जांच रिपोर्ट से एक वर्ष पूर्व 18 सितम्बर, 2020 को ही सिद्ध हो गया था कि इसमें एक बहुत बड़ा घोटाला हुआ है । इसमें एक ही मकान के फोटो को कामां और पहाड़ी में अलग-अलग लोगों के मकान के रूप में दिखाकर और जो लोग वहां के निवासी नहीं हैं, उनके नामों से भी फर्जी भुगतान उठाए गए हैं । स्थानीय राजनेताओं द्वारा दोषियों को बचाया जा रहा है, जिससे उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । इससे प्रतीत होता है कि राजस्थान के अधिकारियों द्वारा यह फर्जीवाड़ा मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में करवाया जा रहा है । जहां माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि हर गरीब का घर हो, प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस मिशन को फेल करने में लगी हुई है, परन्तु हम इसे फेल नहीं होने देंगे ।

मैं, सदन के माध्यम से, अनुरोध करना चाहती हूं कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर मुकदमा दर्ज किया जाए और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, जिससे गरीबों को न्याय मिल सके और भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ गरीबों को मिल सके। धन्यवाद ।